## महत्वपूर्ण एवं खास

### 11 तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में शनिवार 7 जुलाई से 11 जुलाई तक के लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। जिसमें प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के मौसम में फिर बदलाव देखने को मिला है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून द्रोणिका फिर एक्टिव हो गया है, जिसके चलते प्रदेश के सभी संभागों में जमकर बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना जताई है।

### मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई जानकारी

**सारंगढ़.बिलाईगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए जिले के समस्त मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण एवं फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के बारे में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बैठक लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर आवश्यक जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर ने मतदाता सूची में परिवर्तन परिवर्धन एवं संशोधन तथा मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में उपस्थित राजनीतिक दलों के सदस्य गणों को अवगत कराया। साथ ही नए मतदान केन्द्रों की स्थापना एवं जर्जर भवनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी हेतु जांच करने के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने राजनीतिक दलों एवं मास्टर ट्रेनर्स से भी निर्वाचन के संबंध में सुझाव लिए। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### तांत्रिक क्रिया करने के नाम पर 40 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** तांत्रिक क्रिया करने के नाम पर ऑनलाइन 40 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लेखराम साहू 33 वर्ष सीतला मंदिर के पास पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी सेलून दुकान में गया था तभी उसका परिचय आरोपी ब्रम्हेव इंग्ले से हुआ। आरोपी ने अपने आप को तिरूपति बालाजी का पंडित होना बताया एवं प्रार्थी से परेशानी पूछकर आरोपी ने कहा कि परिवार वालो पर ग्रह दशा सहीं नहीं चल रही है। इसके लिए तांत्रिक क्रिया करना पड़ेगा। इसके लिए आरोपी ने प्रार्थी से 19 अक्टूबर 2021 से 10 अप्रैल 2023 के मध्य ऑनलाइन 40 लाख रुपए धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 508 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### करोड़ो की ठगी के आरोपी चलती ट्रेन से कुदकर हुए फरार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** झारखंड से गिरफ्तार कर मुंबई ले जाये जा रहे करोड़ों के ठगी के दो आरोपी बिलासपुर में चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए हैं। आरोपियों के खिलाफ मुंबई के बोरीवली थाने में धारा 420, 66 के तहत केस दर्ज है। मुंबई पुलिस ने अब मामले की शिकायत जीआरपी में दर्ज कराई है। मिली जानकारी के मुताबिक बोरीवली मुम्बई थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजय जाधव अपनी टीम के साथ धोखाधड़ी के प्रकरण में आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए झारखंड के बरदुवा पलाजोरी गए हुए थे। यहां झारखंड पुलिस टीम के सहयोग से मुम्बई पुलिस ने तीन आरोपी समसुद्धीन, कलाम और हुसैन अली को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों को मधुपुर न्यायालय से ट्रांजिस्ट रिमांड लेकर मुंबई पुलिस 12262 दुरंतो एक्सप्रेस से महाराष्ट्र जा रही थी। तडक़े ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची, इसी बीच ट्रेन जैसे ही प्लेटफॉर्म से रवाना होने लगी। आरोपी समसुद्धीन व कलाम अली ने वाशरूम जाने की बात कही। तभी वाशरूम ले जाने के लिए हथकड़ी खोलने के दौरान दोनों आरोपी पुलिस को झटका देकर ट्रेन की विपरित दिशा में कूद गए। ट्रेन रफ्तार पकड़ चुकी थी, लिहाजा दोनों आरोपी भागने में कामयाब हो गए। इधर मुंबई पुलिस के प्रधान आरक्षक ने मामले की शिकायत जीआरपी में दर्ज कराई है। रायपुर से डायरी आने पर जीआरपी बिलासपुर ने धारा 224 के तहत अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दिया है।

# परीक्षा में आंसर राइटिंग की प्रेक्टिस निभाता है मेन रोल -सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव

- यूपीएससी की तैयारी के लिए सिलेबस को जानना बेहद जरूरी
- परीक्षाओं की तैयारी को लेकर युवाओं के प्रश्नों का सीईओ ने दिया जवाब
- जिला ग्रन्थालय में आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस सेमीनार





**रायगढ़।** यूपीएससी की तैयारी के लिए सिलेबस को जानना जरूरी है साथ ही आंसर राईटिंग की प्रेक्टिस बेहद आवश्यक है। आंसर राइटिंग के दौरान ध्यान दें कि आपने जो आंसर लिखे है उसे प्रमाणित भी करें। ऐसा करने से आपके आंसर में वैधता अधिक होगी। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको आंसर राइटिंग में बेहतर अंक प्राप्त होंगे। उक्त बातें सीईओ जिला पंचायत के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी जितेन्दर यादव ने जिला ग्रंथालय में आयोजित कैरियर गाईडेंस सेमीनार में कही।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रंथालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। ताकि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर रिजल्ट मिल सके।

सेमीनार के दौरान सीईओ यादव ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को अपना अनुभव साझा करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक लाने एवं सफलता अर्जित करने के लिए टिप्स दिए। सर्वप्रथम उन्होंने उपस्थित सभी युवाओं को बताया कि जिस फील्ड का आप चुनाव कर रहे है, उससे आपका भविष्य तैयार होगा। तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप जो करने जा रहे है क्या वह आपकी रूचि अनुसार सही है या गलत। इस बात को गंभीरता से ले और उसका चुनाव करें। साथ ही किसी भी परीक्षा के लिए जब भी आप उत्तर लिखते हैं तो यह ध्यान में रखें कि जरूरी विषयों को दर्शाने के लिए कीवर्ड का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आप जरूरी प्वाइंट्स को हाइलाइट कर पाएंगे और पेपर चेक करने वाले को आइडिया हो जाएगा कि आप क्या कहना चाहते हैं। अच्छे अंक प्राप्त करने का यह सबसे किफायती और आसान तरीका है। इस दौरान उन्होंने सेमीनार में आए युवाओं के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर मन में उठ रहे उनके प्रश्नों को बेहद सहज तरीके से सीईओ जिला पंचायत यादव ने जवाब भी दिए।

इस अवसर पर एपीसी भुनेश्वर पटेल, केन्द्र समन्वयक मनोज पटेल, लाईब्रेरिन अशोक पटेल सहित लाईब्रेरी के अन्य स्टॉफ एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा एवं कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हुए थे।

प्रेजेंटेशन का ख्याल रखें

आंसर राइटिंग के समय प्रेजेंटेशन का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। साफ.-सुथरी हैंडराइटिंग के साथ ही जहां जरूरी हो वहां हेडिंग और सब हेडिंग दें। इसके अलावा टेबल और डाटा का इस्तेमाल भी अपने आंसर में रखें। ऐसा करने से आपके आंसर की क्वालिटी में भी सुधार आएगा।



## छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की आयोजित परीक्षा कल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्ड़ल द्वारा पी.पी.टी., प्री.एम.सी.ए., प्री. बी.ए.बी.एड. और प्री.बी.एस.सी.बी.एड. परीक्षाएं 9 जुलाई को आयोजित की जाएगी। यह सभी परिक्षाएं एक ही दिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में पी.पी.टी छह केन्द्रों मे, प्री.एम.सी.ए छह केन्द्रो में सुबह 9 से 12:15 तक आयोजित होगी। 9 जुलाई को दूसरी पाली में प्री.बी.ए.बी.एड. एवं प्री.बी.एस.सीए.बी.एड. की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक 28 केन्द्रो में आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारी रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक कौशल विकास विभाग केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय में कक्ष क्रमांक-6 में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इस परीक्षा में लगभग 18 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे।

## 19 लीटर महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब पर भूपदेवपुर पुलिस की कार्यवाही



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के अवैध शराब पर कार्यवाही के दिये निर्देशों के अनुक्रम में नव पदस्थ थाना प्रभारी भूपदेवपुर उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में कल थानाक्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब पर छापेमार कार्यवाही किया गया जिसमें ग्राम चारभाठा चौक पर आरोपी - प्रताप कुमार बसोड पिता बिहारी लाल बसोड उम्र 27 वर्ष साकिन प्रेमनगर थाना चक्रधर नगर को भूपदेवपुर पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा ग्राम कांशीचुआ में आरोपी सोनू यादव पिता सुनील यादव उम्र 20 वर्ष साकिन केलो बिहार थाना चक्रधरनगर के पास रखी हुई अवैध 9 लीटर महुआ शराब की जब्ती की गई है। आरोपियों पर थाना भूपदेवपुर में पृथक पृथक धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया, जहां जेल वारंट की प्राप्ति पर दोनों आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक देव दास महंत, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, जगेश्वर प्रसाद दिग्रस्कर एवं हमराह स्टाफ शामिल थे।

### गाज की चपेट में आकर चार एशियन बिल स्टार्क की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** कनकेश्वर धाम में आकाशीय बिजली के चपेट में आकर चार एशिययन बिल स्टार्क पक्षी की मौत हो गई। पक्षियों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र में तड़ित चालक लगाया है। पर्याप्त संख्या में तड़ित नहीं होने की वजह से पक्षियों की मौत हो रही है। जिले के करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम कनकीएकनकेश्वर धाम के नाम से काफी प्रसिद्ध है। यहां श्रावण माह में लाखो श्रद्धालु विभिन्न जिले एवं राज्यो से भगवान शिव शंभू के दर्शन करने पहुंचते है। कनकी प्रवासीय पक्षी को भी खूब भाता है, वही इनकी पक्षियों के संरक्षण के पर्याप्त कारगर कदम नहीं उठाए जाने से पक्षियों की असमय मौत हो रही है। पक्षियों की सुरक्षा के लिए पेड़ों के नीचे जाल लगाया गया था वह भी टूटकर गिर चुकी है।

## कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

- मकान निर्माण के लिए रखे लोहे की छड़ व सेंन्ट्रिग प्लेट की है चोरी

**रायगढ़।** चोरियों पर अंकुश लगाने की दिशा में कोतवाली पुलिस की संदिग्धों एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ की कार्रवाई बदस्तूर जारी है। कोतवाली पुलिस ने आज चोरी के दो फरार आरोपी (1) आकाश एक्का उर्फ विजय पिता याकूब एक्का 23 साल निवासी ईशानगर नवापारा ढिमरापुर थाना कोतवाली स्थाई पता डीपाटोली थाना कुनकुरी जिला जशपुर (2) जयप्रकाश यादव उर्फ बड़े पिता सोहन यादव उम्र 19 साल निवासी दीनदयाल कॉलोनी वार्ड नंबर 6 थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपियों ने अपने साथी साहिल एक्का निवासी रामभांठा जवाहर नगरके साथ मिलकर ढिमरापुर के पास मकान निर्माण के लिए रखे सेंन्ट्रिग प्लेट, लोहे का एंगल , चैनल गेट, छड से बना रिंग को 7-8 मई 2023 की रात चुराये थे।

चोरी को लेकर ढिमरापुर के प्रकाश साहू (43 वर्ष) द्वारा कोतवाली थाने में दिय आवेदन पर अज्ञात आरोपी पर चोरी(नकबजनी) का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दरम्यान दिनांक 13/05/2023 को आरोपी साहिल एक्का को हिरासत में लिया गया, उसके घर से चोरी की 12 नग सेन्ट्रिग प्लेट बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के बाद से फरार आरोपी आकाश एक्का और जयप्रकाश यादव की गिरफ्तारी के लिये टीआई शनिप रात्रे अपने स्टाफ और मुखबिर लगा रखे थे, आज मुखबिर सूचना पर दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। फरार आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी, संदीप मिश्रा की अहम भूमिका रही है।

# रायगढ़ का हाईटेक लाईब्रेरी संवार रही युवाओं का भविष्य

- शिक्षक भर्ती परीक्षा में मुकेश को मिला राज्य में 9 वां रैंक, जिला प्रशासन को किया धन्यवाद
- ब्रिटिश कालीन जर्जर स्कूल मितान केन्द्र बन युवाओं के सपनों को दे रही उड़ान
- कलेक्टर की पहल पर विकासखण्ड में बने सर्वसुविधायुक्त मितान केन्द्र



**रायगढ़।** 68 वर्ष पुराना रायगढ़ का जिला लाईब्रेरी हाईटेक होकर अब युवाओं का बेहतर भविष्य गढऩे का कार्य कर रही है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण देखने को मिला ग्राम-उच्चभि_ी के मुकेश चौधरी के रूप में जिन्होंने यहां के हाईटेक लाईब्रेरी में पढ़ाई कर पूरे राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में 9 वें रेंक हासिल कर अपना एवं अपने पूरे परिवार सहित जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा लाईब्रेरी को हाईटेक बनाने से उन्हें पढ़ाई में महत्वपूर्ण सहयोग के साथ दिए गए नि:शुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन का लाभ मिला। उसी का परिणाम है कि आज वे सफल हो पाए है। उन्होंने कहा कि इसका पूरा श्रेय कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा सहित पूरा जिला प्रशासन को जाता है।

जिला प्रशासन का ये कारवां यही नहीं रुक रहा। आज जिले के दूरस्थ अंचल में युवाओं के सपनों को पंख देने लगा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न विकास खंड में यूथ सेंटर खोले जा रहे हैं, जिसे स्थानीय बोली में मितान केन्द्र भी कहा जाता हैं। जहा एक बेहतर प्रतियोगी माहौल मिलने के साथ ही बेहतर पुस्तकें, कम्प्यूटर के साथ मुफ्त वाई-फाई की सुविधा एवं पर्याप्त बैठक व्यवस्था उपलब्ध होती हैं। जो किसी भी परीक्षा के फोकस के लिए जरूरी होता है।

उल्लेखनीय है कि घरघोड़ा स्थित 1914 ब्रिटिश काल में शास.बालक प्राथमिक शाला का निर्माण हुआ था, जो कई वर्षो से जर्जर हो चुका था। जहां जिला प्रशासन ने एनटीपीसी तलाई पाली के सहयोग से जीर्णोद्धार कर सभी सुविधाओं से युक्त मितान केंद्र बनाया गया। आज ये शासकीय प्राथमिक शाला मितान केंद्र के रूप में सुसज्जित होकर कई युवाओं के सपने बुनने का कार्य कर रही हैं। जिसका लाभ आज जिले के दूरस्थ विकास खंड घरघोड़ा की रीना बंते भी उठा पा रही हैं। वे कहती है आदिवासी अंचल में इस तरह पहली बार हुआ हैं, जो पढ़ाई की सुविधा किसी शहर में ही सोच सकते थे, वह आज मितान केंद्र (यूथ सेंटर) के रूप अपने विकासखण्ड में ही देखने को मिल रहा है। यहां बैठक व्यवस्था, कंप्यूटर, लाइब्रेरी, वाई-फाई के साथ ही स्थानीय स्तर पर कोचिंग की व्यवस्था उपलब्ध है। जो हमें पढ़ाई के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

इसी तरह खरसिया विकासखंड निवासी भूपेंद्र जो कि बीपीएल श्रेणी में आते हैं, लिहाजा उनके पास न ही प्रतियोगी माहौल, पर्याप्त बुक और ना ही अन्य संसाधन थे। जिससे वे बेहतर तरीके से परीक्षाओं की तैयारी कर सके। लेकिन यूथ सेंटर के खुलने से मानों उनके दबे सपने फिर से उड़ान भरने लगे। वे बताते है कि खरसिया स्थित मितान केंद्र में न्यूज पेपर, बुक, कंप्यूटर के साथ इंटरनेट जैसी सभी तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के लिए जरुरी होती हैं।

## तलवार लहरते सड़क पर घूम रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा, आरोपी को आर्म्स एक्ट में गया जेल



**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिला कि निकले महादेव मंदिर आसपास एक युवक को खुली तलवार हाथ में लिये घूमते देखा गया है। थाना प्रभारी ने तत्काल सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा के हमराह थाने से स्टाफ कार्यवाही के लिये भेजा गया जिन्होंने तलवार लेकर घूम रहे अजय सारथी पिता शंभू सारथी उम्र 27 वर्ष सा सीताराम कालोनी गंगा नर्सिंग होम के पीछे थाना कोतवाली रायगढ़ को हिरासत में लिये और थाना लाये। अजय सारथी सारथी को बदमाश किस्म का युवक बताया जा रहा है जिससे तलवार की जप्ती कर आरोपी के कृत्य पर थाना कोतवाली में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा आरक्षक जगमोहन ओग्रे और उत्तम सारथी शामिल थे।

# ऑनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया से होगी शिक्षक सीधी भर्ती : सूचना मिलेगी स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर

- 0 अभ्यर्थियों को व्यापम पोर्टल पर बनाए गए प्रोफाइल का आधार वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य
- 0 काउंसलिंग के अंतिम दिवस के पूर्व अभ्यर्थी चयनित विकल्पों में बदलाव कर सकेंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत बस्तर एवं सरगुजा संभाग में रिक्त सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता के 12 हजार 489 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाईन काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनकी चयन की प्राथमिकता के अनुसार शालाओं का आबंटन करने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाईन काउंसलिंग प्रारंभ होने की सूचना स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर तथा समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी। इसके साथ ही ऑनलाईन काउंसलिंग के लिए व्यापम की मेरिट अनुसार सूची भी स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। चिप्स द्वारा (व्यापम फार्म अनुसार) संबंधित के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

ऑनलाईन काउंसलिंग में भाग लेने के लिए काउंसलिंग के पूर्व सभी अभ्यर्थियों को व्यापम पोर्टल पर बनाए गए अपने प्रोफाइल का आधार वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी व्यापम पोर्टल पर बनाए गए अपने आईडी, पासवर्ड से लोक शिक्षण संचालनालय के ऑनलाईन काउंसलिंग पोर्टल पर लॉगिन कर सकेंगे। लॉगिन करने पर स्क्रीन पर डेस बोर्ड दिखेगा, जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दिए गए भर्ती परीक्षाओं सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता की जानकारी होगी।

सर्वप्रथम व्याख्याता पद की ऑनलाईन काउंसलिंग प्रारंभ की जाएगी। केवल प्रारंभिक रूप से चयनित अभ्यर्थी ही ऑनलाईन काउंसलिंग में भाग ले पाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा पोर्टल पर साइन इन करने पर दस्तावेज सत्यापन का राउण्ड, प्रीफेंस फिलिंग विडों, प्रीफेंस स्टेटस, एक्शन प्रदर्शित होगा। राउण्ड का आशय दस्तावेज सत्यापन का चरण, प्रीफेंस फिलिंग विडों में ऑनलाईन काउंसलिंग खुले रहने की अवधि, प्रीफेंस स्टेटस में अभ्यर्थी द्वारा अब तक चयन किए गए शालाओं की सूची होगी तथा एक्शन में जाकर अभ्यर्थी अपने पसंद की शालाओं का चयन कर सकेंगे।

एक्शन में फिल प्रीफ में इंटर करने पर अभ्यर्थी के स्क्रीन पर दूसरा विंडो खुलेगा जिसमें अभ्यर्थी का फोटो, प्रोफाइल आईडी, रजिस्ट्रेशन नंबर, नाम, प्राप्तांक आदि की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसके नीचे दिए गए दो बॉक्स में से प्रथम बॉक्स में सेलेक्ट योर प्रायोरिटी के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक का नाम तथा पदांकन हेतु उपलब्ध विद्यालयों की सूची उपलब्ध होगी। इस सूची से अभ्यर्थी अपनी पसंद की शालाओं का चयन करेंगे, जो द्वितीय बॉक्स में योर सेलेक्टेड प्रायोरिटी के अंतर्गत प्रदर्शित होगी। अभ्यर्थी इसमें सूचीबद्ध शालाओं की सूची में शालाओं का क्रम अपनी पसंद अनुसार ऊपर-नीचे कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की गई है कि वह सेलेक्ट योर प्रायोरिटी में दी गई शालाओं की सूची से अधिकतम या समस्त शालाओं को चयनित करें। यदि अभ्यर्थी द्वारा कुछ विद्यालयों का चयन नहीं किया जाता है तो, अभ्यर्थियों द्वारा चयनित विद्यालयों के अगले क्रम पर चयन से शेष रह गये स्कूलों को सॉफ्टवेयर द्वारा पोर्टल में दर्शित सूची अनुसार क्रमश: स्वत: क्रम आबंटित कर दिया जाएगा। अगले विंडो पर अभ्यर्थी का विवरण सहित उसके द्वारा चयनित शालाओं की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें प्रायोरिटी अपडेटेड ऑन अंकित होगा। अभ्यर्थी अपने चयनित शाला का प्रिंट आउट भी ले सकते हैं। काउंसलिंग के अंतिम दिवस के पूर्व अभ्यर्थी अपने चयनित विकल्पों में बदलाव कर सकते हैं, अंतिम दिवस पोर्टल स्वत: लॉक हो जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर लॉगिन नहीं करता है तथा अपने चयन हेतु शालाओं को प्राथमिकता क्रम प्रदान नहीं करता है, तो ऐसी स्थिति में सॉफ्टवेयर द्वारा उसे स्वत: रेन्डमली स्कूल आबंटित कर दिया जाएगा।

काउंसलिंग के प्रथम चरण पूर्ण होने पर अभ्यर्थी के लॉगिन पर विद्यालय का आबंटन प्रदर्शित होगा, जिसमें उसे आबंटित स्कूल का नाम, यूडाइस कोड, जिला एवं ब्लॉक का नाम अंकित होगा। अभ्यर्थी को इस आबंटन को स्वीकार करना अनिवार्य होगा, अन्यथा वह चयन प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा। आबंटन स्वीकार करने पर दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रण पत्र प्रदर्शित होगा, जिसका अभ्यर्थी प्रिंटआउट ले सकेंगे। इस पत्र में दस्तावेज सत्यापन हेतु अंतिम तिथि तथा स्थल जहां उपस्थित होना है, उसका विवरण दर्ज रहेगा। दस्तावेज सत्यापन का कार्यालयीन समय एवं दिवस में किया जाएगा।

व्याख्याता पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी- संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, शिक्षक पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी-संबंधित संयुक्त संचालक एवं सहायक शिक्षक पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी-संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी हैं। अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराएंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480